समाचार

07 मार्च सोमवार से खुलेगा निगम का स्वीमिंग पूल

कोरबा 02 मार्च 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्टेडियम परिसर स्थित स्वीमिंग पूल को 07 मार्च सोमवार से पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने स्वीमिंग पूल की सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देकर सोमवार से पूल को प्रारंभ करने के निर्देश निगम के संबंधित जोन कमिश्नर को दिए हैं।

यहॉ उल्लेखनीय है कि टी.पी.नगर जोनांतर्गत प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित निगम के स्वीमिंग पूल को कोरोना संक्रमण के मद्देनजर बंद कर दिया गया था, अब उक्त स्वीमिंग पूल को पुनः संचालित किया जाना हैं। स्वीमिंग पूल की निचली परत के कुछ टाईल्स टूट गए थे, जिनकी मरम्मत किए जाने के साथ ही अन्य छोटे–मोटे निर्माण कार्य भी किया जाना आवश्यक था, विगत माह से उक्त स्वीमिंग पूल के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था, जो कि अब पूर्ण कर लिया गया है। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने स्वीमिंग पूल की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को एक–दो दिन के अंदर पूरा कर सोमवार से पूल को पुनः संचालित किए जाने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए हैं। निगम द्वारा सोमवार से निर्धारित समयानुसार स्वीमिंग पूल खोला जाएगा।

पुरूष, महिला, बच्चों के लिए अलग–अलग समय – स्वीमिंग पूल के उपयोग के लिए पुरूषों, महिलाओं एवं बच्चों के पृथक–पृथक समय निधारित किया गया है, वहीं तैराकी का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुरूष प्रशिक्षार्थियों के लिए पृथक समय निश्चित किया गया है। जोन कमिश्नर श्री अखिलेश शुक्ला ने बताया कि सुबह 6.30 बजे से 08 बजे तक पुरूषों के लिए, सुबह 08 बजे से 09 बजे तक पुरूष प्रशिक्षार्थियों के लिए एवं सुबह 09 बजे से 10 बजे तक महिलाओं के लिए समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार सायं 04 बजे से 05 बजे तक बच्चों के लिए, सायं 05 बजे से 06 बजे तक महिलाओं के लिए एवं सायं 06 बजे से 07 बजे तक पुरूषों के लिए समय निश्चित किया गया है।